27/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

केंद्र सरकार ने घरेलू उपभोग के लिए पेट्रोल और डीज़ल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में प्रति लीटर 10 रुपये की कटौती की है। सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्रीय वित्त मंत्री निरमला सितारामन ने कहा कि यह फैसला पश्चिम एशिया संकट को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। उन्होंने कहा कि डीज़ल के निर्यात पर 21.5 रुपये प्रति लीटर और एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) पर 29.5 रुपये प्रति लीटर का शुल्क लगाया गया है, जिससे देश में इन उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। वहीं, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पूरी ने स्पष्ट किया कि देश में लॉकडाउन लगाए जाने की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और सरकार के पास ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है। इसके अलावा, केंद्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक LPG आवंटन को बढ़ाकर 70% कर दिया है, जिसमें से 20% हिस्सा इस्पात, ऑटोमोबाइल, वस्त्र और अन्य श्रम-प्रधान उद्योगों को दिया जाएगा। इस कदम का उद्देश्य वाणिज्यिक LPG की आपूर्ति को सुगम बनाना है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल लेफ़्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. पर्नाइक ने राज्य वासियों से कल यानी 28 मार्च 2026 को रात आठ बजकर तीस मिनट से नौ बजकर तीस मिनट तक ‘अर्थ आवर’ के

दौरान सभी गैर-जरूरी लाइट बंद कर सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि अर्थ आवर के 20 वर्ष पूरे होने पर हमें इसे “धरती के लिए सबसे बड़ा आवर” बनाना चाहिए। राज्यपाल ने प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, पुनर्स्थापन और जैव विविधता की रक्षा पर जोर देते हुए कहा कि यह कार्बन उत्सर्जन को कम करने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने के लिए अत्यंत आवश्यक है। ‘अर्थ आवर’ का आयोजन वैश्विक स्तर पर World Wildlife Fund द्वारा किया जाता है, जो जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता के नुकसान और पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का एक वैश्विक अभियान है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कल लोकायुक्त के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (रिटायर्ड) प्रसांत कुमार देका और सदस्य सांग फुंसोक के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। जिसमें लोकायुक्त संस्था को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया, ताकि पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकायुक्त की भूमिका संस्थागत ईमानदारी बनाए रखने और जनता के विश्वास को मजबूत करने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।

0000000000000000000000000

नामसाई विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भोगामुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक - NQAS प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही यह केंद्र अरुणाचल प्रदेश के मान्यता प्राप्त सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं में शामिल हो गया है।

0000000000000000000000000

अंडर-23 ट्राई-नेशन चैंपियनशिप 2026 में, भारत कल शाम 7 बजे अरुणाचल प्रदेश के यूपिया स्थित गोल्डन जुबली आउटडोर स्टेडियम में भूटान के साथ मुकाबला खेलेगा।

0000000000000000000000000

भारतीय सेना के स्पीयर कॉर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल अभिजीत एस. पेंढारकर ने गुरुवार को अपर सुबनसिरी जिले के सुबनसिरी हीलर्स फील्ड हॉस्पिटल में ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र और रीफिलिंग केंद्र का उद्घाटन किया। यह संयंत्र पुणे स्थित सोल्जर्स इंडिपेंडेंट रिहैबिलिटेशन फाउंडेशन के सहयोग से स्थापित किया गया है, जो दूरदराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए मेडिकल-ग्रेड ऑक्सीजन का उत्पादन करेगा।

0000000000000000000000000

अपर सुबनसिरी ज़िला उपायुक्त तासो गाम्बो के नेतृत्व में एक निरीक्षण दल ने आज तालीहा सर्कल के अंतर्गत लांगपा दागियाम में नए जवाहर नवोदय विद्यालय का दौरा किया। स्थानीय स्कूल प्रबंधन समिति ने जानकारी दी है कि विद्यालय के सभी बुनियादी ढांचे को अस्थायी रूप से जनता के सहयोग से पूरा किया गया है। स्वयंसेवकों और जनसहयोग से लगभग 15 एसपीटी भवनों का निर्माण किया गया है, जिनमें कक्षाएं और शिक्षक आवास शामिल हैं।

0000000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले में आयोजित 19वीं NCORD समीक्षा बैठक में नशामुक्त समाज के निर्माण में सामुदायिक भागीदारी की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त सोनालिका जिवानी ने की, जिसमें 'प्रोजेक्ट अरोहित' के तहत नशामुक्त हो रहे युवाओं को विभिन्न कौशलों में प्रशिक्षित करने की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में आबकारी अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई, SoP के पालन और पंजीकरण, तथा 'वादा' अभियान के तहत पुलिस द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी असम विधानसभा चुनावों के मद्देनज़र अंतरराज्यीय सीमा चौकियों पर पुलिस और आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त गश्त और जांच के निर्देश दिए।

0000000000000000000000000

असम में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन छिहत्तर उम्मीदवारों ने अपने नाम वापस ले लिए। इसके साथ ही अब कुल 722 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले जांच के बाद सात सौ उनासी नामांकन वैध पाए गए थे। चुनाव को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए प्रवर्तन एजेंसियों ने निगरानी बढ़ा दी है। 15 से 26 मार्च के बीच सैतीस करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती की गई है, जिसमें नकदी, शराब, नशीले पदार्थ, कीमती धातुएं और अन्य सामग्री, जैसे मुफ्त वितरण की वस्तुएं शामिल हैं।

0000000000000000000000000